ऑन लाईन नं. RCMS1998/00018

न्यायालय : अतिरिक्त जिला कलक्टर (प्रशासन) श्री गंगानगर।
पीठासीन अधिकारी : **भवानी सिंह पंवार, आर0ए0एस0**

प्रकरण सं0 71/1998
(राज0उप0 अधि0 की धारा 11/14)

1. स्वर्णसिंह पुत्र श्री गण्डा सिंह जाति मजबी हरीजन निवासी 39 पी.एस. तहसील रायसिंहनगर जिला श्रीगंगानगर

शिकायतकर्ता

बनाम

1. अवतार सिंह पुत्र हरी सिंह जाति जटसिख निवासी निवासी 39 पी.एस. तहसील रायसिंहनगर जिला श्रीगंगानगर।

अप्रार्थीगण

उपस्थित : श्री गुरजीत सिंह वानर, राजकीय अधिवक्ता
श्री गोविन्द्रपाल सिंह मान, अधिवक्ता अप्रार्थी

आदेश **दिनांक : 31.03.2021**

प्रस्तुत शिकायत का सार है कि शिकायत कर्ता स्वर्ण सिंह पुत्र गण्डा सिंह जाति मजबी (हरिजन) निवासी 39 पीएस तहसील रायसिहनगर के प्रार्थना पत्र पर उपखण्ड अधिकारी, रायसिंहनगर से रिपोर्ट चाही गई जो उनके पत्र कमांक :–शि0प्र0/92/1597 दिनांक 19.09.1992 से रिपोर्ट प्राप्त हुई। शिकायतकर्ता ने अपने प्रार्थना पत्र में अंकित किया हैं कि प्रार्थी चक 39 पी.एस. तहसील रायसिंहनगर जिला श्रीगंगानगर का रहने वाला है जो कि राजस्थान का मूल निवासी एवं काश्तकार पेशा है। अप्रार्थीगण दीनदयाल, शाम सिंह, अवतार सिंह ,दलीप सिंह , गुरदीप सिंह, जगरूप सिंह, जंग सिंह, मुखत्यार सिंह, दारा सिंह व भूरासिंह वगैरा द्वारा नाजायज रूप से भूमि आवंटन करवा रखी है। इनके पास रकबा भी ज्यादा है और जिनके पास आवंटित रकबा है वे लोग मौका पर आबाद भी नही है। इन लोगो में से अधिकतर पंजाब में रहते है लेकिन उक्त भूमि पर नाजायज लोग फायदा उठाते है। मौका पर श्रीमान जिला कलक्टर महोदय स्वंय जांच करें एवं रकबा निरस्त किया जावें। जिस पर उपखण्ड अधिकारी रायसिंहनगर से रिपोर्ट चाही गई। एसडीएम रायसिंहनगर ने अपनी रिपोर्ट दिनांक 19.09.1992 से अवतार सिंह पुत्र हरी सिंह जाति जटसिख निवासी 39 पीएस के नाम मु.न. 26 में 2.530 हैक्टर व मु.न. C8 में 3.162 हैक्टर , मुरब्बा नम्बर 51 में 0.620 हैक्टर व मुरब्बा नम्बर 21 में 1.265 व मुरब्बा नम्बर 29 में 2.580 हैक्टर कुल 9.169 हैक्टर नहरी व बारानी भूमि होना अंकित है।

पत्रावली पर उक्त प्रार्थना पत्र की जांच कर उपखण्ड अधिकारी रायसिंहनगर से रिपोर्ट चाही गई। एसडीएम रायसिंहनगर ने अपनी रिपोर्ट दिनांक 19.09.1992 से अवतार सिंह पुत्र हरी सिंह जाति जटसिख निवासी 39 पीएस के नाम मु.न. 26 में 2.530 हैक्टर व मु.न. 08 में 3.162 हैक्टर , मुरब्बा नम्बर 51 में 0.620 हैक्टर व मुरब्बा

अति. जिला कलक्टर (प्रशासन)
श्रीगंगानगर